ट्रेड डील से रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

नई दिल्ली, 3 फरवरी. भारत और अमेरिका के बीच हुए बहुप्रतीक्षित ट्रेड डील को सरकार की आधिकारिक मंजूरी मिल गई. इस समझौते को दोनों देशों के रिश्तों में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है.

कई वरिष्ठ नेताओं ने इस डील का स्वागत करते हुए इसे रोजगार, विकास और तकनीकी सहयोग के लिए मील का पत्थर बताया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत के बाद भारत-अमेरिका ट्रेड डील को नई दिशा मिली है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचीत के

बाद द्विपक्षीय व्यापार पर हुई घोषणाओं का स्वागत है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देगा. उन्होंने इसे 'मेक इन इंडिया' और भरोसेमंद टेक्नोलॉजी साझेदारी को मजबूत करने वाला कदम बताया. यह डील किसानों,एमएसएमई, उद्यमियों और कुशल श्रमिकों के लिए अभूतपूर्व अवसर है.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-अमेरिकी की डील को गहरे और बड़े आर्थिक सहयोग का एक नया अध्याय बताया. उन्होंने लिखा, भारत-अमेरिका संबंधों के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है, क्योंकि एक ऐतिहासिक व्यापार समझौता फाइनल हो गया है. इससे टैरिफ काफी कम होकर 18 प्रतिशत हो गए हैं, जिससे गहरे और बड़े आर्थिक सहयोग का एक नया अध्याय शुरू हुआ है.

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लिखा- मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का उनके दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व व भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए आभारी हूं. यह एक जैसी सोच वाले, निष्पक्ष व्यापार करने वाले दो लोकतंत्रों की साझा समृद्धि के लिए मिलकर काम करने की ताकत को दिखाता है.

रेलवे, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं. दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं. साथ मिलकर भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए काम करने की अपार क्षमता है. अमेरिका और भारत की ताकतें एक-दूसरे की पूरक हैं. दोनों देश मिलकर ऐसी टेक्नोलॉजी बना सकते हैं.

'मेड इन इंडिया' को राहत, बढ़ेगा कारोबार

नई दिल्ली, 03 फरवरी. भारत-अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने देश के उद्योग जगत में नई उम्मीद जगा दी है. भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के फैसले को उद्योगपतियों ने दूरदर्शी कदम बताया है.

महिंद्रा, बिड़ला ग्रुप और एनएसई समेत कई दिग्गज कारोबारी नेताओं ने कहा कि यह समझौता न सिर्फ व्यापार, बल्कि रणनीतिक साझेदारी को भी नई मजबूती देगा. भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने खुलकर खुशी जताई है. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने इस डील को कारोबार, सप्लाई चेन और भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए 'बड़ी जीत' बताया. वहीं महिंद्रा ग्रुप सीईओ डॉ. अनीश शाह ने कहा कि पारस्परिक शुल्क में कटौती और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने की प्रतिबद्धता से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा. इससे पहले प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि अब 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर अमेरिका में केवल 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की पुष्टि करते हुए इसे दोनों देशों के लिए फायदेमंद बताया है.

मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय, भोपाल
क्रमांक/गु.नि./1083592/2026/452 भोपाल, दिनांक : 03.02.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्पोरेशन द्वारा उपार्जित खाद्यान्न के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्य हेतु एजेंसी नियोजन के लिए

कार्पोरेशन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेंहू, धान एवं अन्य उपजों के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु पात्र सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा दस्तावेज जिसमें निविदा कार्यक्रम (समय-सीमा), निर्देशों, शर्तें, नियमों प्रावधान का विस्तृत उल्लेख है, अनुसार आमंत्रित हैं।
निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** एवं **www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-4200462 एवं 0120-6277787 पर संपर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124293/2026 **महाप्रबंधक (गु.नि.)**

हेट स्पीच मामले में सुको में हुई सुनवाई

नई दिल्ली,`3 फरवरी. उच्चतम न्यायालय ने नोएडा हेट स्पीच मामले में पुलिस की निष्क्रियता का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की.

इस याचिका को एक मुस्लिम धर्मगुरु ने दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि हेट स्पीच मामले में स्थानीय पुलिस में बार-बार शिकायत करने के बावजूद उसने मामला दर्ज करने से इनकार किया. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने घटना की निष्पक्ष एवं तटस्थ जांच की मांग करने वाली याचिका एवं शिकायत पर कार्रवाई करने में कथित रूप से विफल रहे पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर भी विचार किया. शीर्ष अदालत ने हाल ही में हेट स्पीच से

संबंधित याचिकाओं में अपना आदेश सुरक्षित रखा है लेकिन उसने इस मामले को लंबित रखने का निर्णय लिया क्योंकि इसमें अलग मुद्दे उठाए हैं. मामले में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा यह मामला पहले से चल रहा है इसलिए इसकी बहुत हद तक प्रासंगिकता नहीं है और याचिका में अब कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं बचा है.

न्यायमूर्ति मेहता ने उल्लेख किया कि कुछ अपराधों के लिए अभियोजन को बिना अधिकारिक अनुमोदन के नहीं बढ़ाया जा सकता है। अहमदी ने विरोध दर्ज करते हुए कहा कि इस चरण में किसी अनुमोदन का सवाल नहीं है और तर्क दिया कि हेट स्पीच के लिए एफआईआर दर्ज करने में बार-बार विफल रहना एक प्रणालीगत समस्या की ओर इशारा करता है जिसका राष्ट्रीय अखंडता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

वांगचुक लोगों को भड़काने के आरोप में हिरासत में है : केंद्र

नई दिल्ली. 03 जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई.

केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि वांगचुक को पाकिस्तान और चीन से सटे एक सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्र में लोगों को भड़काने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले में सभी प्रक्रियागत सुरक्षा उपायों का पूरी तरह पालन किया गया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ के समक्ष केंद्र ने दलील दी कि यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील है और वहां किसी भी तरह का उकसाव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अदालत ऐसे व्यक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही है, जो सीमावर्ती इलाके में जनभावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहा था। वहीं, सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की ओर से दायर याचिका में हिरासत को अवैध बताते हुए मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है. वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनिंदा वीडियो और तथाकथित 'उधार ली गई सामग्री' के आधार पर अधिकारियों को गुमराह किया गया। अदालत में सुनवाई पूरी नहीं हो सकी और अब इस मामले पर आगे की सुनवाई बुधवार को होगी।

M.P. PASCHIM KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
GPH Compound, Pologround, Indore, Ph. No. : 0731-2426144, 2426204/116
(E-mail : sepurchase06@gmail.com, CIN-U40109MP2002SGC015121)
No. MD/WZ/06/PUR/NIT- 327/2311 Indore, Dated : 03.02.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited for following Material/Items/Services as per Tender Specifications :-

TS No.	Particulars	Unit	Approx. Qty.	Online Tender Opening Date	Pre Bid Meeting Date
1937	Rate Contract Award (RCA) for Toner refilling of Computer Printers Services under various Branches/Sections at Corporate Office, MPPKVVCL, Indore for the period of One year	No.	1200	24.02.2026	NA
1938	Supply, Installation and Commissioning of LED Video Wall with Controller and Buy-Back, de-commissioning of old DLP Screen with Controller at DCC Control Room, MPPKVVCL, Indore	Set	01	10.03.2026	24.02.2026
1939	Supply, Installation & Commissioning of a Telephony Software for Centralized Call Centre-1912 at MPPKVVCL, Indore for the period of One year	No.	01	17.03.2026	04.03.2026

For further detailed information visit website **http://www.mpwz.co.in** or **https://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124280/2026 **CHIEF ENGINEER (PURCHASE)**

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 034/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक 03.02.2026

निविदा सूचना 084/2026_STDC_479646_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम :- SASCI scheme के अंतर्गत ओरछा जिला निवाड़ी स्थित विभिन्न स्मारकों हेतु कंवेंशन, विकास, इल्युमिनेशन एवं सरफेस प्रोटेक्टिव कोटिंग का कार्य। (12 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 898.33 लाख
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.02.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 04.02.25 से देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/124281/2026 **कार्यपालन यंत्री**

भारत-भूटान ने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की

नई दिल्ली, 03 फरवरी. भारत और भूटान ने मंगलवार को यहां ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए चर्चा की. भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री लियोनपो जेम शेरिंग ने केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक से मुलाकात की. तीनों नेताओं ने पुनात्सांगछू-2 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (1020 मेगावाट) से बिजली उत्पादन के वाणिज्यिक अनुकूलन पर चर्चा की. बैठक में पुनात्सांगछू-1 हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना (1200 मेगावाट) को जल्द चालू करने पर जोर दिया गया. चर्चा में संकोश जलविद्युत परियोजना के भविष्य की राह पर भी बातचीत हुई. भारत और भूटान के नेतृत्व ने पुनात्सांगछू-2 हाइड्रोइलेक्ट्रिक का उद्घाटन अगस्त 2025 में साथ-साथ किया था. भारतीय सहयोग से विकसित इस परियोजना से भूटान की विद्युत उत्पादन क्षमता में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि होगी. पुनात्संगछु नदी पर स्थित इस परियोजना में 170 मेगावाट की छह इकाइयां शामिल हैं, जो क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं. संकोश (या सुनकोश) जलविद्युत परियोजना भूटान में एक प्रमुख प्रस्तावित जलाशय-आधारित जलविद्युत पहल है, जिसकी क्षमता 4,060 मेगावाट होने का अनुमान है. भारत के साथ संयुक्त रूप से विकसित, यह भूटान की नवीकरणीय ऊर्जा रणनीति का एक प्रमुख घटक है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा और निर्यात क्षमता को बढ़ाना है. इसके अतिरिक्त, दोनों देशों ने 2040 तक की ट्रांसमिशन अवसंरचना योजना पर चर्चा की, जिसके लिए वर्तमान में विस्तृत परामर्श जारी हैं. एक फरवरी को पेश किए गए आम बजट 2026-27 में भूटान को 2,288 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं. यह भारत के किसी भी पड़ोसी देश को दी जाने वाली विकास सहायता का सबसे बड़ा हिस्सा है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के लिए 1,950 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है. यह निधि मुख्य रूप से भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 71 अवसंरचना और विकास परियोजनाओं को चलाने के लिए है. इसके इस्तेमाल के मुख्य क्षेत्रों में जलविद्युत संयंत्र, ऊर्जा संचरण लाइनें और सड़कों और पुलों के ज़रिए क्षेत्रीय परिवहन अवसंरचना का विकास शामिल है.

कार्यालय प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुण्डम जबलपुर (म.प्र.)
E-mail : hegckunjab@mp.gov.in
क्रमांक 916/स्था./2026 कुण्डम, जबलपुर, दिनांक : 27.01.2026

निविदा सूचना

इस महाविद्यालय में प्रयोगशाला उन्नयन हेतु प्रयोगशाला उपकरण सामग्री क्रय हेतु MP e-tender PORTAL के माध्यम से निविदा जारी की गई है, जिसकी निविदा क्रमांक 2026_HED_478424_1, है। इच्छुक निविदाकार MP e-tender PORTAL पर अपनी निविदा दिनांक 11.02.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।
म.प्र. माध्यम/124282/2026 **प्राचार्य**

अमेरिका-यूरोप संबंध पहले जैसे नहीं : मर्ज

बर्लिन. जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि अमेरिका और यूरोप के संबंध बदल गये हैं और अब पुरानी स्मृतियां या पुराने दौर की बातें यूरोप के काम नहीं आएंगी. मर्ज ने ड्यूश बोर्स ग्रुप के एक सालाना कार्यक्रम में कहा कि दुनिया अभी शायद राजनीतिक अनिश्चितता और अस्थिरता के सबसे बड़े दौर से गुज़र रही है, निश्चित रूप से यह एक बड़ा मोड़ है. उन्होंने यूरोप से दुनिया में प्रभाव डालने के लिए एकजुट और दृढ़ तरीके से काम करने का आह्वान किया. श्री मर्ज ने कहा कि यूरोप को रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने, आर्थिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, ज़्यादा तकनीकी स्वतंत्रता हासिल करने अपनी ताकत पर भरोसा करना चाहिये.

यूपी में पुलिस परीक्षा 8-10 जून को

लखनऊ. यूपी पुलिस भर्ती 2025 के अंतर्गत सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के लिए अहम अपडेट सामने आया है. उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा जून 2026 में तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी और इसमें करीब 28.85 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन आगामी 8, 9 और 10 जून 2026 को किया जाएगा। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने मंगलवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है. करते हुए यह जानकारी दी। परीक्षा तीन दिनों तक दो-दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें राज्यभर से लगभग 28.85 लाख अभ्यर्थी भाग लेंगे। यह भर्ती सिपाही नागरिक पुलिस और जेल वार्डर समेत कुल 32,679 पदों के लिए की जा रही है। बोर्ड के अपर सचिव (भर्ती) सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि परीक्षा केंद्रों और जिलों का चयन जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पाठ्क्रम, शिफ्ट टाइमिंग और एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर समय-समय पर जारी किए जाएंगे. बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें। गौरतलब है कि इस भर्ती की विज्ञप्ति 31 दिसंबर 2025 को जारी की गई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट भी प्रदान की थी।

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, म.प्र. शासन के अंतर्गत सहायक उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) एवं प्रधान आरक्षक (कम्प्यूटर) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा- 2026 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथि 05.02.2026 से 19.02.2026 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 05.02.2026 से 24.02.2026 तक

संभावित परीक्षा दिनांक	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	उत्तर अंकित का समय
24 मार्च 2026 से प्रारंभ	प्रथम	प्रात: 08:00 से प्रात: 09:00 बजे तक	प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (02 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक	दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे)

आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-
1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर : भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना सीधी एवं उज्जैन।**
4. **परीक्षा शुल्क :**

सीधी भर्ती पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रु 500/- (प्रति प्रश्न पत्र)
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थियों के लिए	रु 250/-(प्रति प्रश्न पत्र)
पुलिस विभाग की विभागीय परीक्षा शुल्क	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रु 200/- (प्रति प्रश्न पत्र)
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थियों के लिए	रु 100/-(प्रति प्रश्न पत्र)

ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- देय होगा।

विशेष निर्देश:
1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं Sun Glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हॉल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 100/2026
संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/124291/2026

BAJAJ FINANCE

सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना
बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(11-03-26) **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4G0L15808770, 16145814. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46G0L15573721, 15875688. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49G0L15584437, 15897350. **भोपाल - करोंद**; PJD2G0L16127439. (12-03-26): **ब्यावरा - पुराना एबी रोड**; PMN3G0L16150584. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6G0L15800738, 16025696. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1G0L16035875, 16076875. **डाबरा - मेन रोड**; PKH4G0L14579120, 15605003. (13-03-26) **देवास - एबी रोड**; PGG2G0L15735644, 16006377, 16070938. **गंज बासौदा - मेन रोड**; P02WG0L16119395. **गुना - एबी रोड**; PEH2G0L15866256, 16056220. **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7G0L15667137, 15782758, 15797195, 15827593, 15985595, 16136917, 16141688. (16-03-26) **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1G0L15642146, 15893717, 16030003, 16126221. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9G0L16054246. **ग्वालियर - नया बाज़ार**; PF25G0L15691506, 15718339, 15775882, 15785664, 15886550. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2G0L15598844, 15687142, 15717430, 15844958, 15864859, 15989080, 16025492, 16056404. **हरदा - बाफना टॉवर**; PCA8G0L16109028, 16119577. (17-03-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9G0L14377792, 15763196, 15781880, 15847333, 15894393. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9G0L15963352, 16150260. **इटारसी - सराफा बाज़ार** P03WG0L15623451, 15692557, 15876989, 15933627, 15962645, 16010639, 16151740. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4G0L15854729, 16142036. (18-03-26) **जबलपुर - राइट टाउन**; PG03G0L14532267, 14606686, 14831435, 14896862, 15621766, 15891553, 15891068, 16006311, 16052989, 16057497. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1G0L15813074, 15854362, 16104582. **खरगोन - जवाहर मार्ग**; PJC9G0L15888509, 16147754. **महू - हरि फाटक**; PMN4G0L15993743. (19-03-26) **मुरैना - शिवनगर**; PJC8G0L15601620, 15669224, 15658273, 15692773, 15824098, 16075480, 16121082, 16144977. **नरसिंहपुर** - BGL; P6Y8G0L15602314, 15660502, 16140797. **रीवा** - BGL; P4A7G0L15616665, 15642848, 15700193, 15740707, 15757268, 15834765, 15994366, 16117851. **सागर - परकोटा**; PLL1G0L15577668. (20-03-26): **सीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3G0L16036278. **शहडोल** - BGL; P6E0G0L15578496, 15696315, 16017791, 16141611. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3G0L15600350, 15781911, 15837325, 15965524, 16141458. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3G0L15718855.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड